हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 4 मई 2025

06 आचार्य शंकर ने किया वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार का कार्य

09 तेज आंधी और हवा के साथ कदवाया ढाकोनी और नईसरांय में...

समाचार संक्षेप

रोटरी भवन में निःशुल्क नेत्र जांच एवं मोतियाबिंद आपरेशन शिविर आज

गुना। जिला दृष्टिहीनता नियंत्रण समिति के अंतर्गत रोटरी क्लब गुना एवं सदगुरु सेवा संघ ट्रस्ट आनंदपुर के तत्वाधान में डॉ नीरज जैन के पूज्य पिताजी डॉ प्रेमचंद्र जी जैन की पुण्य स्मृति में निःशुल्क नेत्र, शुगर व बीपी जांच एवं मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन रोटरी भवन गुना में किया जा रहा हे। शिविर संयोजक विकास जैन नखराली ने बताया कि 4 मई, रविवार को रोटरी भवन गायत्री मंदिर के पास गुना में सुबह 10 बजे से आरंभ होगा जिसमें दोपहर 2 तक आयोजित नेत्र शिविर में सदगुरु संकल्प नेत्र चिकत्सालय के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा नेत्र, शुगर व बीपी की जांच की जाएगी। नेत्र जांच शिविर में चिन्हित मरीजों के मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु लटेरी सदगुरु नेत्र चिकित्सालय भेजा जाएगा। जिसको लेकर रोटरी अध्यक्ष जितेंद्र खुराना एवं सचिव मनोज अग्रवाल सहित रोटरी सदस्यों ने जिलेवासियों से नेत्र जांच शिविर में सहयोग कर अधिक से अधिक लोगों स्वास्थ्य लाभ लेने का आग्रह किया गया हे।

भाजपा के प्रदेश प्रभारी ने टेकरी धाम पहुंच लिया बालाजी सरकार का आशीर्वाद

गुना। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मध्यप्रदेश के भाजपा प्रभारी डॉ. महेंद्र सिंह के गुना आगमन पर आज उन्होंने टेकरी धाम पहुंच श्री हनुमान जी महाराज के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, नप अध्यक्ष सविता गुप्ता, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, जिला महामंत्री संतोष धाकड़, मिडिया प्रभारी विकास जैन नखराली, जिला उपाध्यक्ष गिर्राज भार्गव, भाजपा नेता महेंद्र किरार, मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत एवं परेश भार्गव सहित बड़ी संख्या में भाजपा जनों ने टेकरी धाम पहुंचकर प्रदेश प्रभारी की भव्य अगवानी कर इतिहासिक स्वागत किया। मिडिया प्रभारी श्री जैन ने बताया कि टेकरी सरकार के दर्शन पश्चात प्रदेश प्रभारी डॉ महेंद्र सिंह गुना से वाय कार ग्वालियर के लिए प्रस्थान किया।

बूढ़े बालाजी मुक्तिधाम के हालात बद से बदतर, संस्कार को दो बूंद पानी भी नहीं

गुना। शहर के बूढ़े बालाजी स्थित मुक्तिधाम की स्थिति बेहद खराब हो चुकी है। संस्कार के लिए वहां दो बूंद पानी तक की व्यवस्था नहीं थी, जिससे मजबूरी में लोगों को पानी के पाउच से गोबर लीपकर शुद्धिकरण करना पड़ा। हालात इतने खराब थे कि एक पोते को अपनी दादी को बिना स्नान किए मुखाग्नि देनी पड़ी। शहर में ऐसा बिगड़ा हुआ हाल पहले के किसी नगर परिषद कार्यकाल में नहीं देखा गया। नगर परिषद के नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ ने नगर परिषद अध्यक्ष सविता गुप्ता की कार्यशैली पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने अब तक कई कार्यकाल देखे हैं, लेकिन ऐसा अकुशल और असंवेदनशील प्रबंधन कभी नहीं देखा। वशिष्ठ ने बताया कि जब वे स्वयं एक अंत्येष्टि में शामिल होने बूढ़े बालाजी मुक्तिधाम पहुंचे, तब वहां की दयनीय स्थिति देखकर उन्होंने तत्काल प्रभारी सीएमओ को फोन किया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि जब अधिकारी जनप्रतिनिधियों के कॉल नहीं उठाते, तो आम नागरिकों की सुनवाई की क्या उम्मीद की जा सकती है।

केंद्रीय मंत्री खटीक ने वक्फ संशोधन बिल पर वार्ता में बताया मतलब

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर शनिवार को भारत सरकार में केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने गुना में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर वक्फ बिल के संशोधन पर अपनी बात रखी। इससे पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री खटीक द्वारा गुना जिले के मुस्लिम समाज एवं प्रबुद्ध जनों के बीच आयोजित संगोष्ठी को संबोधित कर बिल के सुधार और सुधार बिल से मुस्लिम समाज को क्या फायदा की जानकारी समाज जनों को दी गई। तपश्चात पत्रकार वार्ता आयोजित की गई जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, गुना विधायक पन्नालाल शाक्य, वक्फ बिल के जिला संयोजक गिर्राज भार्गव एवं भाजपा जिला मीडिया प्रभारी विकास जैन नखराली मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री वीरेन्द्र खटीक ने पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि न वक्फ एक ऐसी स्थाई संपति समर्पण हे (चल या अचल) जिसे मुस्लिम कानून के अनुसार धार्मिक, पुण्य या परोपकारी कार्यों के लिए समर्पित किया गया हो। भारत में वक्फ संपत्तियों का प्रशासन वर्ष 1894 के प्रिवी काउंसिल के निर्णय से शुरू होकर वक्फ अधिनियम, 1995 ओर इसके वर्ष 2013 ओर वर्ष 2025 में हुए संशोधनों तक महत्वपूर्ण रूप से विकसित हुआ हे। केंद्रीय मंत्री श्री खटीक ने कहा कि वक्फ अधिनियम, 1995 के अंतर्गत मुख्यता : केंद्रीय वक्फ परिषद c w c राज्य वक्फ बोर्ड sbws, वक्फ न्यायाधिकरण जैसी समस्याएं कार्य करती हे, जो क्रमशः सरकार को सलाह देने तथा वक्फ संपत्तियों का प्रबंधन ओर संरक्षण करने के साथ ही वक्फ से संबंधित विवादों, बेदखली ओर अपीलों की सुनवाई करने का कार्य करती हे। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में हुए संशोधन के पश्चात केंद्रीय वक्फ परिषद और राज्य वक्फ बोर्डों की संरचना अब अधिक समावेशी हो गई हे, जिसमें मुस्लिम महिलाओं , गैर मुस्लिमों ओर विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों (शिया, सुन्नी, बोहरा, आगा खानी आदि) का प्रतिनिधित्व अनिवार्य कर दिया गया हे। मुतवल्ली, जो वक्फ संपत्तियों के संरक्षक होते हे, उन्हें कुप्रबंधन की स्थिति में उत्तरदायी ठहराया जाता हे। *केंद्रीय मंत्री श्री खटीक ने कहा कि भारत में वर्तमान में 8.72 वक्फ संपत्तिया हे, जो 37.39 लाख एकड़ क्षेत्र में फैली हुई हे। इनमें से लगभग 59 हजार अतिक्रमण ओर 31 हजार से अधिक मुकदमेबाजी के मामले दर्ज हे।* केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वक्फ (संशोधन)कानून , 2025 द्वारा मुख्यतः हुए सुधारों के परिणाम स्वरूप अब केबल मुस्लिम धर्म का अभ्यास करने बाला व्यक्ति ही वक्फ बना सकता हे। पारिवारिक वक्फ में महिलाओं के उत्तराधिकार अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की गई हे। संपति का डिजिटलीकरण और अनिवार्य ऑनलाइन पंजीकरण, सरकारी या निजी भूमि को मनमाने ढंग से वक्फ घोषित करने पर रोक, वार्षिक योगदान, 7 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करना सुनिश्चित किया गया हे। इसके साथ ही न्यायाधिकरन सशक्त बनाते हुए सदस्यों के लिए निश्चित कार्यकाल तय किया गया हे।

इसमें सीमा अधिकनियम लेमिनेशन एक्ट को लागू कर दीर्घकालिक मुकदमों पर रोक लगाने का भी प्रयास किया गया हे। धारा 40 को हटाया गया हे, जिसमें वक्फ बोर्ड को किसी भी संपति को वक्फ घोषित करने की शक्ति दी थी। इस प्रावधान के कारण तमिलनाडु, कर्नाटक, विहार, केरल आदि राज्यों में विवाद उत्पन्न हुए। केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने कहा कि कुल मिलाकर, ये संशोधन वक्फ प्रशासन को अधिक पारदर्शी, उत्तर दाई, समावेशी और कानूनी रूप से सुदृढ़ बनाने की दिशा में कदम हे, साथ ही धार्मिक उद्देश्यों का सम्मान भी बनाएं रखते हे।

चांचौड़ा थाना में आरोपियों पर कठोर धाराओं में प्रकरण दर्ज

मानसिक अस्वस्थ और असहाय युवकों से बंधुआ श्रम कराने वाले 11 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

चांचौड़ा क्षेत्र में मानसिक रूप से अस्वस्थ 16 वृद्ध और असहाय मजदूरों को बंधुआ बनाकर ढाबों, खेतों और ईंट-भट्टों पर अमानवीय परिस्थितियों में काम कराने वाले 12 आरोपियों के विरुद्ध चांचौड़ा थाना पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी के निर्देश पर की गई इस कार्रवाई में 11 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि शेष 1 की तलाश जारी है। पिछले दिनों चांचौड़ा क्षेत्र के जयसिंहपुरा, खोड़ा और चक पटोदी गांवों में एक गोपनीय अभियान चलाकर प्रशासन और पुलिस की संयुक्त टीम ने 16 बंधुआ मजदूरों को मुक्त कराया था। इन मजदूरों में कई मानसिक रूप से विक्षिप्त, बुजुर्ग और दूरदराज के राज्यों से लाए गए लोग शामिल थे, जिन्हें वर्षों से केवल भोजन के बदले बंधक बनाकर कार्य कराया जा रहा था। इनकी हालत दयनीय थी और किसी से संपर्क तक की अनुमति नहीं थी।इन पीड़ितों के बयान और मौके पर मिले साक्ष्यों के आधार पर चांचौड़ा थाना पुलिस ने 12 आरोपियों के खिलाफ अप.क्र. 164/25 धारा 127(4), 127(6), 143(2), 146, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया है। आरोपियों में युवराज पुत्र प्रीतम राजपूत (चक पटोदी), मांगीलाल, भगवत, रामबाबू, जीवन, हृदेश, दिलीप, गजेन्द्र, भूरा, जितेन्द्र, अशोक एवं राजवेन्द्र के नाम प्रमुख हैं, जिनमें से अधिकांश जयसिंहपुरा निवासी हैं। गुना पुलिस की त्वरित कार्यवाही के चलते अब तक 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। शेष 1 आरोपी की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधीक्षक अंकित सोनी ने मामले को गंभीर मानते हुए दोषियों को जल्द सलाखों के पीछे पहुंचाने के निर्देश दिए हैं।प्रशासन की ओर से मुक्त कराए गए सभी मजदूरों को फिलहाल शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रय स्थल में रखा गया है, जहां उन्हें भोजन, वस्त्र और चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है। साथ ही उनके परिजनों की तलाश भी शुरू की गई है, जिससे इन्हें सुरक्षित रूप से घर पहुंचाया जा सके।

16 बंधुआ मजदूर जिन्हें प्रशासन विमुक्त कराया

1-वीरेन्द्र उर्फ कल्लू उम्र 32 साल निवासी ऊंचाहार रायबरेली उत्तरप्रदेश, 2-राम यादव उम्र 50 साल निवासी शिरडी महाराष्ट्र, 3-विमल कुमार उम्र 65 साल निवासी चखेण्डी थाना फतेहपुर उत्तरप्रदेश, 4-रामा उर्फ गूंगा उम्र 60 साल, 5-अखिलेश उम्र 20 साल, 6-रतन उम्र 62 साल जिला पाली राजस्थान, 7-प्रमोद उम्र 30 साल, 8-धनजी उम्र 40 साल, 9-सियाराम उर्फ सीताराम उम्र 40 साल, 10-नवीन मुकी आदिवासी उम्र 55 साल, 11-बल्देव डहरिया 40 साल निवासी उड़ीसा, 12-कलप उम्र 45 साल, 13-दीनदयाल महाराज उम्र 50 साल निवासी अहमदाबाद गुजरात, 14-दीपेश उम्र 32 साल निवासी सुरसा थाना माण्डर जिला रांची झारखंड, 15-अंगद उम्र 50 साल एवं 16-धन सिंह उम्र 30 साल को विमुक्त कराया गया है।

ससुराल की शादी में जा रहे युवक की उमरी के पास सड़क दुर्घटना में मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

राजगढ़ जिले के रहने वाले एक युवक की उमरी के पास सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। युवक अपनी ससुराल में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था, इसी दौरान ये हादसा हुआ और उसकी जान चली गई। सुबह जिला अस्पताल में उसका पोस्टमार्टम किया गया है।

मिली जानकारी के अनुसार राजगढ़ जिले के सुठालिया थाना क्षेत्र के ग्राम खनोटा निवासी राजू पुत्र कमरलाल प्रजापति बीती शाम अपने घर से मूंदोल जाने के लिए निकला था, जहां उसकी ससुराल में शादी थी। बताया गया कि कुड़ी मंगवार के पास बाइक सवार युवक सड़क हादसे का शिकार हो गया, जिसमें उसकी मौत हो गई। राजू के दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस घटना के सामने आने के बाद उसकी ससुराल में शादी की खुशियां मातम में बदल गई। इधर अस्पताल में उसकी पत्नी का रो-रो कर बुरा हाल था। पुलिस ने मर्ग कायम कर पीएम उपरांत शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

चेक बांउस के प्रकरण में लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के बमौरी थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया एवं उनकी टीम द्वारा चैक वाउंस के एक प्रकरण में न्यायालयीन कार्यवाही से लंबे समय से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार किया गया है ।गौरतलब है कि माननीय न्यायालय गुना में चैक वाउंस के प्रकरण क्रमांक 209/23 धारा 138 एनआई एक्ट में आरोपित गिर्राज पुत्र घनश्याम मीना निवासी ग्राम नया डुमैला थाना बमौरी जिला गुना के न्यायालयीन कार्यवाही से लगातार फरार रहने पर न्यायालय गुना से आरोपित गिर्राज मीना की गिरफ्तारी हेतु स्थाई वारंट जारी हुआ था । पुलिस द्वारा वारंटी गिर्राज मीना की निरंतर तलाश की गई और जिसकी तलाश के क्रम में दिनांक 03 मई 2025 को वारंटी के संबंध में मुखबिर से प्राप्त सूचना पर बमौरी थाना पुलिस द्वारा प्रभावी कार्यवाही कर प्रकरण में लंबे समय से फरार वारंटी गिर्राज पुत्र घनश्याम मीना निवासी ग्राम नया डुमैला थाना बमौरी जिला गुना को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया । बमोरी थाना पुलिस की इस कार्यवाही थाना प्रभारी निरीक्षक दिलीप राजौरिया, प्रधान आरक्षक रामकृष्ण रघुवंशी, आरक्षक ललित शर्मा, सचिन कुमार, आरक्षक महेन्द्र पटेलिया, आरक्षक गुलाब सिंह एवं महिला आरक्षक रीनू निगवाल की सराहनीय भूमिका रही है ।

बादल छाए, बूंदें गिरने से गर्मी से छुटकारा मिला, उमस ने परेशान किया

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

दोपहर बाद मौसम ने करवट ली और आसमान पर बादल छा गए। गर्म हवा धीरे-धीरे ठंडी हो गई।जिससे गर्मी से कुछ राहत मिली। फिर बूंदें गिरीं जिससे मौसम सुहाना हो गया लेकिन उमस ने परेशान किया।प्रदेश में चक्रवात के असर से मौसम ने पलटी मारी है।

चक्रवात का असर जिले सहित आसपास के जिलों पर भी हुआ है। जिले में दोपहर बाद मौसम ने करवट मारी और आसमान पर बादल छा गए। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हल्की बारिश हुई। वहीं भदौरा में ओले गिरने की जानकारी भी सामने आई है। गुना सहित अशोकनगर व शिवपुरी जिले में भी बारिश की संभावना जताई है। रविवार को भी मौसम ऐसा ही बने रहने की संभावना जताई गई है। उल्लेखनीय है कि इस समय पूरा जिला भीषण गर्मी की चपेट में हैं और अधिक तापमान 43 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। इसी बीच शुक्रवार को चक्रवात के असर से जिले में गर्मी के तेवर कुछ नरम पड़े हैं। एक ही दिन में अधिकतम तापमान में 5 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। वहीं न्यूनतम तापमान स्थित रहा।

बादल छाने से जहां तेज धूप से छुटकारा मिला तो वहीं उमस ने परेशान किया। जिले में पिछले एक सप्ताह पारा 40 डिग्री के ऊपर बना हुआ है। वहीं पिछले दिनों से अधिकतम तापमान 43 डिग्री के पार पहुंच चुका था। लेकिन शुक्रवार को आंधी चलने से तापमान में गिरावट दर्ज हुई और एक ही दिन में अधिकतम तापमान 5 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट के साथ 43.2 डिग्री से 38.4 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया।

62 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

जिले के आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक रितुराज सिंह कुशवाह के कुशल नेतृत्व में पनवाडी हाट चौकी पुलिस द्वारा क्षेत्र में अवैध शराब की सूचना पर त्वरित कार्यवाही कर हाथ भट्टी की 62 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

आरोन थाना क्षेत्र की पनवाडी हाट चौकी पुलिस ने की अवैध शराब की सूचना पर त्वरित कार्रवाई

गौरतलब है कि आरोन थानांतर्गत पनबाड़ी हाट चौकी क्षेत्र के ग्राम क्यांपुर में नदी के पास एक व्यक्ति के बड़ी-बड़ी दो केनों में अवैध शराब लेकर उसे बेचने की फिराक में बैठे होने की सूचना पुलिस को मिलने पर पनवाडी हाट चौकी प्रभारी सउनि दिलीप सिंह रघुवंशी व उनकी टीम द्वारा तत्काल ग्राम क्यांपुर में नदी के पास मुखबिर की बताई जगह पर दविस दी और जहां पर दो केंनो के साथ बैठे हुए व्यक्ति को धरदबोच लिया, जिसने पूछताछ पर अपना नाम धर्मवीर उर्फ हक्कू पुत्र हीरालाल अहिरवार निवासी ग्राम क्यांपुर थाना आरोन का होना बताया और जिसकी केनों को चैक करने उनमें हाथ भट्टी की बनी 62 लीटर कच्ची शराब भरी पाई गई, जिसे पुलिस द्वारा विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया एवं जिसके विरुद्ध अपराध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी को माननीय न्यायालय पेश किया गया गया।

शराब के विरूद्ध उपरोक्त कार्यवाही में आरोन थाना प्रभारी निरीक्षक रितुराज सिंह कुशवाह के नेतृत्व में पनवाडी हाट चौकी प्रभारी सउनि दिलीप सिंह रघुवंशी, प्रधान आरक्षक करन सिंह भदौरिया, आरक्षक जितेन्द्र यादव, आरक्षक नीतेश दुबे एवं आरक्षक भीम सिंह रघुवंशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा ने साधा भाजपा पर निशाना, कई पदाधिकारी रहे मौजूद

सामाजिक न्याय के संघर्ष में भाजपा ने मानी कांग्रेस की पुरानी मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा शनिवार को गुना जिले में पत्रकारों से रूबरू हुए। शर्मा ने जातिगत जनगणना को कांग्रेस एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ऐतिहासिक जीत बताया। कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा किया कि जातिगत जनगणना का मुद्दा राहुल गांधी गली-चौपाल और सभा से लेकर लोकसभा में उठा रहे थे। राहुल गांधी द्वारा सामाजिक न्याय के लिए किए गए संघर्ष के सामने भाजपा की केंद्र सरकार को घुटने टेकने पड़ गए हैं।

कांग्रेस प्रवक्ता ने बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल के कार्यालय पर पत्रकार वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष मेहरबान सिंह, बमौरी विधायक इंजी. ऋषि अग्रवाल, पूर्व जिला अध्यक्ष हरिशंकर विजयवर्गीय, नेता प्रतिपक्ष शेखर वशिष्ठ, कांग्रेस विस प्रत्याशी पंकज कनेरिया मौजूद रहे। पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस के मप्र प्रवक्ता धर्मेन्द्र शर्मा ने कहा कि जातिगत जनगणना के लिए राहुल गांधी ने जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी का नारा किया था। जबकि भाजपा बंटोगे तो कटोगे, एक रहोगे-सेफ रहोगे जैसे नारे दे रही थी। अब हालात यह हो गए हैं कि जातिगत जनगणना को हरी झंडी दिखाते ही भाजपा को अपना रवैया बदलना पड़ा है। सत्ताधारी पार्टी के प्रवक्ता टीवी चैनलों पर जातिगत जनगणना के मुद्दे पर बचते नजर आ रहे हैं। राहुल गांधी ने देश की नब्ज को समझा, इसलिए केंद्र सरकार को उनकी मांग के सामने झुकना पड़ा है।

जातिगत जनगणना देश के लिए जरूरी

कांग्रेस ने जातिगत जनगणना का स्वागत करते हुए इसे देश के लिए जरूरी बताया है। कांग्रेस प्रवक्ता ने बताया कि जातिगत जनगणना अच्छे डाटा कलेक्शन के लिए जरूरी है। सरकार को पता चलेगा कि किस जाति में कितने लोग हैं जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं। इनमें केवल अजा-अजजा और ओबीसी वर्ग ही नहीं है, बल्कि सामान्य जातियों के गरीबों का डाटा भी सामने आएगा। उसी के आधार पर योजनाएं बनेंगी और कानून बनाए जा सकते हैं।

राहुल का मजाक उड़ाया, बाद में वही हुआ

कांग्रेस प्रवक्ता ने दावा किया कि राहुल गांधी ने देश में अब तक जितने भी मुद्दे उठाए हैं, उनका भाजपा ने पहले मजाक उड़ाया। लेकिन बाद में भाजपा और उसकी सरकारों को झुकना ही पड़ा है। राहुल ने नोटबंदी का विरोध किया, सरकार ने मजाक उड़ाया। लेकिन दो साल बाद आरबीआई ने नोटबंदी के फैसले को देश के लिए हानिकारक बताया। इसी तरह जीएसटी के मुद्दे पर भी राहुल के मुताबिक संशोधन करना पड़ा। कोविड-19 के मुद्दे पर विदेशी उड़ानों को बंद करने के सुझाव पर हंसने वाली सरकार ने बाद में ऐसा ही किया।

भारत की अखंडता के लिए शंकराचार्यों में समन्वय आवश्यक आद्य शंकराचार्य प्रकटोत्सव

आचार्य शंकर ने किया वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

केरल के कालडी गांव में शिवभक्त माता सुभद्रा और पिता शिवगुरु भट्ट के घर 788 ईसवी वैशाख शुक्ल षष्ठी को अवतरित, आचार्य गोविंद भगवत्पाद के शिष्य, अद्वैत दर्शन के शीर्ष प्रचारक , विश्वविख्यात चार मठों (श्रंगेरी, बदरीनाथ, जगन्नाथ पुरी व द्वारिका) के संस्थापक शिव अवतार ,आदि जगद्गुरु , धर्मचक्र प्रवर्तक, ब्रह्मसूत्र-सभी उपनिषदों-श्रीमद्भगवद्गीता, जैसे महान ग्रंथों के संस्कृत भाष्यकार , दर्शन और तंत्र के गूढ़ रहस्यों से युक्त शताधिक संस्कृत कृतियों के रचयिता आदिशंकराचार्य ने 32 वर्षीय अल्पायु जीवन काल में पाखंड अंधविश्वास से घिरे पतनोन्मुख सनातन वैदिक हिंदू धर्म का पुनरुद्धार करके 820 ईसवी में देह त्याग कर दिया। आर्यावर्त की अखण्डता पर ही देश की शान्ति निर्भर है और शंकराचार्य जी ने देश की अखण्डता हेतु यात्राएं कींउस समय तक विदेशी पंथों का भारत पर प्रभाव नहीं था पर तत्कालीन मतों

के भ्रामक प्रचार ने जोर पकड़ लिया था धर्म को कर्मकांड तक सीमित माना जाने लगा था ऐसे में आचार्य शंकर ने वैदिक धर्म के प्रचार-प्रसार का कार्य किया। ऐसी ही अनेक बातें गीता सप्तोत्सवों की श्रृंखला में तीसरे गरिमामय आयोजन आदि गुरु शंकराचार्य प्रकट उत्सव मेंविश्वगीताप्रतिष्ठानम् के केंद्रीय संरक्षक डा जवाहर लाल द्विवेदी के सारस्वत उद्बोधन में जानी।

नरेंद्र भारद्वाज ने प्रेरक प्रसंग के माध्यम से बताया कि भारत की अखंडता के लिए सभी शंकराचार्य में न केवल समन्वय जरूरी है अपितु शासन को भी शंकराचार्य जयंती मनाने की ओर ध्यान देना चाहिए।

सुभाष त्रिवेदी जी ने सुभाषित प्रस्तुत किया लखन नागदेव जी ने अमृत वचन प्रस्तुत करते हुए भारतीय संस्कृति की गरिमा स्पष्ट की। गुरु परंपरा स्त्रोत मोहमुद्गर अच्युताष्टकम आदि का सामूहिक गायन भी किया गया निर्धारित श्लोकों पर व्याख्यान और भजन रामस्वरूप सेन ने व्यक्त किया महेंद्र सोनी ने संगीत संयोजन का दायित्व निभाया।

आभार प्रदर्शन जिला सप्तोत्सव प्रमुख वीरेंद्र भार्गव ने किया कल्याणमंत्र से विश्व कल्याण की कामना सहित जयघोष के साथ ही यह सारस्वत आयोजन संपन्न हुआ।

संक्षेप समाचार

भोपाल में 8 हिन्दू बहनों से बलात्कार ब्लैकमेलिंग के मामले में ब्लॉक कांग्रेस ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

राघौगढ। शनिवार को राघौगढ़ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राहुल वत्स के नेतृत्व में कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), राघौगढ़ को ज्ञापन सौंपकर राजधानी भोपाल में 8 हिन्दू बहनों से बलात्कार, ब्लैकमेलिंग, धर्मांतरण मामले में विशेष जांच दल गठित कर प्रदेश के सभी पूर्ववर्ती मामलों की संयुक्त जांच, फास्ट ट्रैक न्यायालय स्थापित कर दोषियों व सहयोगियों को फांसी की सजा की मांग की। राहुल वत्स ने कहा कि ऐसे संगठित अपराध जो कि गिरोह बनाकर किए जा रहे हैं जिनमें कि हिन्दू बहन बेटियों या फिर अन्य ऐसी फिजाएं बिगाड़ने की कोशिश की जा रही हैं, ऐसी सभी संगठित अपराधियों को पकड़ा जाएं और इनके ऊपर कठोर कार्रवाई की जाएं, चाहे हिन्दू हो या फिर मुसलमान ये किसी भी धर्म की आड़ में छुपने न पाएं, अगर हमारी बहन बेटियों पर इसी तरह अत्याचार होते रहे तो हम प्रदेशव्यापी आंदोलन करेंगे।इस अवसर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन व नगरवासी उपस्थित रहें।

चेतना साहित्य एवं कला परिषद की बैठक हुई आयोजित

चेतना साहित्य एवं कला परिषद गुना की बैठक बिध्न हरण बालाजी मंदिर दुबे कालोनी पर गोपाल सहाय सक्सेना की अध्यक्षता पंकज पांडे के मुख्य आतिथ्य तथा श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि अन्य महिलाओं से चर्चा कर सोमवार तक कार्यक्रम की अंतिम रूपरेखा तैयार की जायेगी। बैठक में कवि गोष्ठी भी रखी गई जिसका संचालन नगर के जाने-माने शायर प्रेम सिंह प्रेम ने किया। संचालन करते हुए प्रेम सिंह प्रेम ने कहा सफेद कबूतरों को अब बाज होना चाहिए भेड़ियों का मुकम्मल इलाज होना चाहिए। बहुत गया लिए प्यार मोहब्बत के अफसाने अब हर हाल में जंग का आगाज होना चाहिए। वरिष्ठ कवि विष्णु साथी ने कहा नारी है देवी है सती है, मां तो सदा सौभाग्यवती है। श्रीमती कीर्ति मोरोलिया ने कहा भटक रहा है जन मानस रोजगार की तलाश में,दर दर भटक रहे लिए सांस सांस में भटक रहा है। उमाशंकर भार्गव ने अपने भाव यूं व्यक्त किए अब तो होना चाहिए आर पार की जंग हम पर करे वार उसको कर दे तंग उसको कर दें तंग समझता हमको बकरा नहीं जानता वह हम कर सकते हैं उसका कतरा कतरा, जितना जोर लगाना है लगा लेना तुम फिर भी हमारे आगे तुमको हिलाना पड़ेगा दुमारवि बंजारा ने कहा कि अपने हाथ ही अब तो बस अपनी हिफाजत है सियासत से तबाही, तबाही से सियासत है खुली हो नींद तो सत्ता इनके ख्वाब में सत्ता नेता जात है इनकी बदलना इनकी आदत है। श्रीमती ज्योति विश्वकर्मा ने कहा मानव की संतान डरेऔर आतंकी परवान चढ़े, जो आतंक को मिटा न सके मैं निंदा करती हूं ऐसे विश्व प्रधान की। इस अवसर पर पंकज पांडे ने भी शेर सुनाया। कवि गोष्ठी का श्रीमती केदारीबाई, श्रीमती प्रीति,तेजस, सुनील, राजाराम,राजू, जगदीश श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, दीपक शर्मा,शिवम श्रीवास्तव, हरिओम श्रीवास्तव, प्रमोद अग्रवाल सहित कई श्रद्धालू उपस्थित रहे।

श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव की पूर्व संध्या पर रखी भजन संध्या, लाइटों से सजाया



हरिभूमि न्यूज ⏭गुना

भगवान श्री चित्रगुप्त प्रकटोत्सव के उपलक्ष में पूर्व संध्या 3 मई से ही कार्यक्रम प्रारंभ किए जा रहे हैं । 3 मई को शाम को 7:00 बजे से आरती के उपरांत भजन संध्या का कार्यक्रम रखा भगवान श्री चित्रगुप्त जी के मंदिर की सजावट लाइट लगवाई जावेगी । दिनांक 4 मई को प्रातः 7:00 बजे से सर्वप्रथम भगवान श्री चित्रगुप्त जी की एवं उनकी दोनों पत्नियों की मूर्ति का जल अभिषेक कराया जा कर नवीन वस्त्र धारण करवाए जाएंगे।

दोपहर 2:30 से मंदिर में महिला मंडल द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम किया जावेगा दोपहर पश्चात 3:30 से शोभा यात्रा की तैयारी ड्रेस कोड अनुसार प्रारंभ की जावेगी शाम 6:30 से भगवान श्री चित्रगुप्त की कथा पूजन 56 भोग लगाया जावेगा इसके उपरांत 101 दीपक से महा आरती की जावेगी समापन से पूर्व शोभायात्रा में शामिल एवं सभी उपस्थित कायस्थ समाज बंधुओ के साथ सह भोज महाभोग भंडारा किया जावेगा।

बालक की दस्तयाबी पर रखा ईनाम



राघोगढ़। पुलिस अधीक्षक की ओर गुमशुदा बालक की तलाश पर 2000 रुपए का इनाम घोषित किया गया है। दरअसल गुमशुदा बालक रवि पुत्र राजकुमसार लोध 8 साल निवासी ग्राम दौराना थाना विजयपुर 18 अगस्त 24 को विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम कोलुआ पठार हनुमान मंदिर से अचानक कहीं चला गया। जिसके गुम होने पर से विजयपुर थाने में अप.क्र. 106/24 धारा 137(2) बीएनएस का अपराध दर्ज है । पुलिस द्वारा गुमशुदा बालक की निरंतरता से तलाश की जा रही है, लेकिन बालक का अभी तक कहीं कोई पता नहीं चल पाया है । गुमशुदा बालक की दस्तयाबी पर गुना पुलिस अधीक्षक की ओर से 2000 रूपये इनाम भी उदघोषित किया गया है । जो कोई बालक के संबंध में कुछ भी जानकारी देगा अथवा उसे दस्तयाब कराने में पुलिस की मदद करेगा उसे पुलिस की ओर से 2000 रूपये इनाम राशि से पुरस्कृत किया जाएगा। गुमशुदा उक्त बालक के संबंध में किसी को कोई भी जानकारी मिलने पर पुलिस के कंट्रोल रूम गुना 9479192449 एवं थाना प्रभारी विजयपुर उनि कृपाल सिंह परिहार 9644770661, विवेचक सउनि हरिचरन मीना 7389745430 पर सूचना दे।

भारतीय जैन मिलन व जैन पाठशाला का स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭राघौगढ़

जैन समाज की गौरवशाली संस्था भारतीय जैन मिलन का 60 वां स्थापना दिवस एवं आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला का 22 वां स्थापना दिवस जैन मिलन परिवार राघौगढ़ के तत्वावधान में समारोह पूर्वक मनाया गया। भारतीय जैन मिलन के निवृतमान राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजय कुमार जैन ने कहा भारतीय जैन मिलन की स्थापना 2 मई 1966 को देहरादून में हुई थी। पिछले 59 वर्ष में इस संस्था ने जैन समाज की एकता के लिए प्रयास किए हैं। धार्मिक परमार्थिक एवं समाजसेवी गतिविधियों में भी भारतीय जैन मिलन का सक्रिय योगदान रहा है। आज देश में संस्था की 1450 शाखाएं हैं जिनमें 450 महिला शाखाएं एवं 50 युवा शाखाएं संचालित है। जैन मिलन राघौगढ़ के मंत्री विकास कुमार जैन ने बताया राघौगढ़ नगर में आचार्य विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनि प्रशांत सागर जी, निर्वेग सागर जी की प्रेरणा एवं पावन सानिध्य में गत 2 मई 2004 को आचार्य विद्यासागर दिगंबर जैन पाठशाला का शुभारंभ हुआ। पिछले 21 वर्षों से पाठशाला के माध्यम से जैन समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों को धार्मिक एवं संस्कारों की शिक्षा जारी है। आपने कहा पाठशाला में संचालिकाएं यहां निस्वार्थ भाव से अपनी सेवाएं दे रही है। दोनों संस्थाओं के स्थापना दिवस के अवसर पर जैन मिलन राघौगढ़ के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार जैन के सौजन्य से पाठशाला के बच्चों को प्रभावना वितरित की गई। इस अवसर पर जैन मिलन के कोषाध्यक्ष रुपेश चौधरी, प्रचार मंत्री राजीव जैन, युवा जैन मिलन के अध्यक्ष आकाश जैन, मंत्री मनीष जैन आमल्या, महिला जैन मिलन की अध्यक्ष अंतिम जैन, मंत्री सुषमा जैन, जैन समाज के वरिष्ठ जिनेश कुमार रावत, महेंद्र कुमार रावत, वीरेंद्र कुमार रावत, पाठशाला की संचालिकाएं शांता जैन, शिल्पी चौधरी, मनु जैन, सोनम जैन, रोशनी जैन, महिला जैन मिलन की वरिष्ठ सदस्य विजय देवी जैन, अरुणा जैन, उषा रावत, शिल्पा रावत, अंकित रावत आदि उपस्थित थे।

राष्ट्रीय गहोई महासभा के चुनाव को लेकर समर्थन मांगने संपर्क किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭अशोकनगर

शनिवार को राष्ट्रीय गहोई महासभा के ऊर्जावान भावी अध्यक्ष प्रत्याशी धमेन्द्र बड़ेरिया एवं महासभा के भोगीलाल बिलैया का अशोक नगर मैं नमन होटल मैं आगमन हुआ एवं अशोक नगर के गहोई वैश्य पंचायत के सभी कार्यकारिणी से मुलाकात हुई।

वैश्य महासभा के चुनाव हेतु सभी से आग्रह किया कि मैं राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर प्रत्याशी के रूप में आपके पास समर्थन के लिए आया हूं एवं उन्होंने आश्वासन दिया कि चुनाव में परिणाम कुछ भी हो लेकिन मैं समाज में इसी तरह सक्रिय रूप से जागृत रहूंगा यह मैं विश्वास दिलाता हूं। इसी क्रम में भोगीलाल बिलैया ने भी उनके समर्थन के लिए आगे आने का आग्रह किया। सभी समाज बंधुओ ने हृदय से स्वागत किया जिसमें राकेश गुप्ता, राहुल गुप्ता, कैलाश गुप्ता, प्रकाश गुप्ता,रमन आदि रहे मौजूद।

श्रीराम संगीत और कला विद्यालय में प्रायोगिक परीक्षाएं हुई संपन्न

अशोकनगर। श्रीराम संगीत एवं कला विद्यालय में 2025-26 के संगीत गायन वादन एवं नृत्य की परीक्षाएं संपन्न हुई। संचालक रूबी गुप्ता रिंकल सेठ ने बताया कि हर बार की तरह इस बार भी छात्र और छात्राएं की उपस्थिति 100 प्रतिशत रही।बच्चे साल भर से इस परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। इस बार परीक्षा लेने के लिए प्रयाग संगीत समिति इलाहाबाद से महेंद्र सिंह राजपूत आए जिन्होंने परीक्षाएं संपन्न करवाई। इस बार परीक्षा में 32 बच्चों ने एग्जाम दिए एग्जाम 2 से 5 के बीच में संपन्न हुए।

एग्जाम में श्रीराम संगीत एवं कला महाविद्यालय के शिक्षक मुकेश सोनी,गौतम सर, आनंदीलाल नामदेव एवं महेश कुमार नामदेव की मौजूदगी में परीक्षा संपन्न हुई। नए बच्चों के 2025-26 के फॉर्म भरना प्रारंभ हो गए हैं। परीक्षा का रिजल्ट जून लास्ट तक आ जाएगा। संचालित गाने बताया की हर बार की तरह इस बार भी बच्चों का रिजल्ट अच्छा आएगा। श्रीराम संगीत एवं कला महाविद्यालय बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

ढोढर थाने के उप निरीक्षक कृष्णवीर सिंह सेवानिवृत्त, दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर

ढोढर थाने में पदस्थ उप निरीक्षक कृष्णवीर सिंह कुशवाह सेवा निवृत्त हो गए हैं। ढोढर थाने में आयोजित विदाई समारोह में ढोढर थाना स्टाफ और स्थानीय गणमान्य नागरिको ने शामिल होकर उप निरीक्षक कुशवाह को भावभीनी विदाई दी, साथही उनका शेष जीवन अच्छे से व्यतीत होने की शुभकामनाएं दी

विदाई समारोह को संबोधित करते हुए ढोढर थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह तोमर ने कहा कि उप निरीक्षक कुशवाह का पूरा कार्यकाल बेदाग रहा है। अपने 40 साल 8 माह के सेवाकाल के दौरान उन्हें किसी भी तरह की कोई विभागीय सजा की कार्रवाई नहीं झेलनी पड़ी। आमजनता में उनके प्रति काफी पक्का भरोसा रहा है। वहीं अफसरों के भी चहेते बने रहे। पुलिस विभाग में सिपाही से भर्ती होकर उप निरीक्षक के पद तक पहुंचे कुशवाह श्योपुर जिले सहित भिण्ड, दतिया, रीवा, मुरैना में अपनी सेवाए दे चुके है। निश्चित ही उनकी कमी पुलिस विभाग को काफी खलेगी। विदाई समारोह में उप निरीक्षक कृष्णवीर सिंह कुशवाह ने अपनी सेवा के दौरान कई प्रसंगो को रेखांकित करते हुए कहा कि उन्हें पुलिस विभाग में सेवा के दौरान सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित साथी पुलिसकर्मियों सहित लोगों का भी भरपूर सहयोग मिला है। जो मुझे हमेशा याद रहेगा। विदाई समारोह में सरपंच नारायण गोयल, समाजसेवी रवि गुप्ता, डॉ लखन सिंह राजावत, सहित अन्य कई गणमान्य नागरिक शामिल थे।

जैनी के मुक्तिधाम में टीनशेड तो है मगर साफ सफाई का बना है अभाव

बदहाल हालत में मुक्तिधाम, कहीं पड़ी गंदगी तो कहीं उग रही खरपतवार, जिम्मेदार मौन

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर

मानपुर क्षेत्र के ग्राम जैनी में अंतिम संस्कार के लिए मुक्तिधाम तो बना हुआ है, लेकिन यहां सुविधाओं के नाम पर टीनशेड के अलावा कुछ भी नजर नहीं आता है। यहां सबसे ज्यादा अभाव साफ सफाई का बना हुआ है। यहां स्थिति यह है कि मुक्तिधाम के प्रवेश द्वार पर ही लोग कचरा फेंक रहे है। वहीं अंदर चारो तरफ खरपतवार उग रही है। जगह जगह गंदगी पड़ी नजर आती है। जिसके कारण अंतिम संस्कार के लिए पहुंचने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने कई बार ग्राम पंचायत व स्थानीय प्रशासन से मुक्तिधाम में सुविधाएं बढाने और साफ सफाई कराए जाने की मांग कर चुके है। लेकिन इसके बाद भी पंचायत द्वारा इस दिशा में कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

जनपद पंचायत श्योपुर के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत मुख्यालय जैनी में बना मुक्तिधाम बदहाली का शिकार है। मुक्तिधाम में साफ-सफाई नहीं है। यहां पर गाजारघास और झाडिय़ां ऊग आईं हैं। जिसके कारण अंतिम संस्कार के लिए आये ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुक्तिधाम में टीनशेड बना हुआ है। लेकिन अन्य सुविधाओं के नाम पर कुछ नहीं है। आसपास के लोग घर का कूडा कचरा मुक्तिधाम के प्रवेश द्वार पर ही फेंक रहे हैं। जिससे मुक्तिधाम का रास्ता कचरे के कारण बंद सा हो गया है, अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले कूडे कचरे के ऊपर से ही गुजरते हुए टीनेशन तक पहुंचते हैं। मुक्तिधाम परिसर में बैठने के लिए कोई इंतजाम नहीं है। हालांकि मुक्तिधाम में पानी की सुविधा मौजूद बताई गई है,लेकिन पानी की यह सुविधा मुक्तिधाम के अंदर परिसर में न होते हुए मुक्तिधाम के बाहर बनी हुई है। जिसकारण लोगों को अंतिम संस्कार के दौरान पानी की जरूरत पड़ने पर उसे लेने के लिए मुक्तिधाम के बाहर आना पड़ता है।

कई जगह मुक्तिधाम पर पहुंचने के लिए रास्ते ही नहीं

जिले में कई गांव ऐसे भी मौजूद हैं, जहां मुक्तिधाम पर जाने के लिए रास्ते ही नहीं बचे हैं। यह स्थिति स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा कब्जा कर लेने के कारण निर्मित हुई है। ग्रामीणों की माने तो ग्राम छोटाखेडा में अतिक्रमण के कारण मुक्तिधाम सिकुडकर छोटा सा रह गया है। जहां पहुंचने के लिए रास्ता भी नहीं है। टीनशेड सहित अन्य कई सुविधा भी मौजूद नहीं है। उधर ग्राम पंचायत शंकरपुर के कोटरा गांव में भी मुक्तिधाम पहुंचने के लिए लोगों को रास्ते की समस्या से जूझना पड़ता है। ऐसे में यहां के ग्रामीण काफी परेशानी झेलते हुए शव यात्रा को लेकर मुक्तिधाम में पहुंचते हैं और फिर अंतिम संस्कार करते हैं।

इधर लीलदा में मुक्तिधाम के लिए आवंटित हुई 2 बीघा जमीन

बता दें कि वीरपुर तहसील के गांव लीलदा में अंतिम संस्कार को लेकर जो स्थिति निर्मित हुई वह किसी से छिपी नहीं है। लेकिन इस घटना के बाद हरकत में आए जिला प्रशासन ने लीलदा गांव में मुक्तिधाम के लिए दो बीघा जमीन आवंटित करते हुए समस्या का स्थाई समाधान करा दिया गया है। एसडीएम अभिषेक मिश्रा ने बताया कि लीलदा गांव में 2 वीघा जमीन मुक्तिधाम के लिए आवंटित करते हुए उसका सीमांकन भी करा दिया है। इसके साथही मुक्तिधाम पर पहुचने के लिए रास्ता भी दिया गया है। ऐसे में जिले के लोग प्रशासनिक अधिकारियों से आग्रह कर रहे है कि जिले के अन्य गांवों में इस तरह की समस्या बनी हुई है,उनका समाधान भी इसी गंभीरता के साथ करवाया जाए।

इनका कहना

अभी तक तो हमारे पास इस तरह की कोई शिकायत नहीं आई है। लेकिन आप जिन गांवों के बारे में बता रहे हैं, उन गांवों के मुक्तिधामो में बनी समस्याओं का पता करवाते हुए उनके समाधान के लिए प्रयास किए जाएंगे।

बीएस श्रीवास्तव
एसडीएम, श्योपुर

अखिल भारत हिंदू महासभा की श्योपुर जिला कार्यकारिणी घोषित

हरिभूमि न्यूज ⏭श्योपुर

अखिल भारत हिंदू महासभा की श्योपुर जिला कार्यकारिणी घोषित कर दी गई है। महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने जिला कार्यकारिणी घोषित करते हुए उसमें राष्ट्र हित में काम करने के लिए सभी वर्गों का समान रूप से स्थान दिया है। यह जिला कार्यकारिणी दो साल के लिए मान्य रहेगी।

महासभा के जिलाध्यक्ष पंडित अजीत शर्मा ने बताया कि जिला कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष सौरव शर्मा, प्रीतम शर्मा, बृजेश भदौरिया, संगठन मंत्री सोनू चौधरी, ग्रामीण उपाध्यक्ष तोताराम माहौर, लहरी गुर्जर, मुरारी रावत, सचिव जसवंत राजपूत, मंत्री मलखान चौहान,भैरू गुर्जर, पवन रावत, बद्री सिंह, भूपेन्द्र सिंह जांगिड, बलवान मीणा, सुनील जाटव, सचिव अर्जुन गुर्जर,रूप सिंह जाटव, नगर उपाध्यक्ष कोमल किन्नर, सदस्य बाबू सरदार, भैरूलाल गुर्जर, अध्यक्ष सहायक संदीप तोमर तथा मीडिया प्रभारी रोहित माहौर को नियुक्ति किया गया है।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा निवासी राजीव यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गोपाल और फूलबाई आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी रेखाबाई अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रूनेश अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत विवेकानंद स्कूल पास निवासी छोटू कटारिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तुलसीराम ओझा,शिवम ओझा ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । इसी घटना में दूसरे पक्ष की ओर से शिवम ओझा ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि छोटू और श्रीराम कटारिया ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के कचनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत कचनार निवासी शिवशंकर भागर्व ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बंटी जैन ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत बंसत की गली निवासी राजेश कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी दीपक कुशवाह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत जलालपुर निवासी पूरन कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र,राघवेन्द्र,कोमल आदिवासी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । जिले के मुंगावली थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नरखेडा निवासी नत्थूसिंह अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रघुवीर, सोनू, मोनू,छोटू,चिंटा,सीतेश,प्रवेन्द्र, नीतेश,गन्नूबाई, नंदनीबाई अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी । जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमाखेड़ी निवासी गुडडी बाई खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अफसर खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी ।

हृदय रोग से संबंधित जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन आज

अशोकनगर। हृदय रोग से संबंधित संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें हृदय रोग से संबंधित बिन्दुओं पर विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा संगोष्ठी पर चर्चा की जाएगी। इस संगोष्ठी में शहर के सुप्रसिद्ध हृदय रोग विशेषज्ञ डॉक्टर डीके जैन साहब, डॉक्टर मनीष चैरसिया, डॉक्टर आरके राहुल डॉक्टर सुदीप जैन लाइफ लाईन द्वारा वर्तमान परिपेक्ष में हृदय घात, साइलेंट अटैक, से लगातार मौते हो रही है इस पर अपने विचार रखे जाएंगे। जन सामान्य प्राथमिक बचाव की अमूल्य जानकारी बताई जाएगी । हृदय रोग से संबंधित बीमारी से कैसे बचा जा सकता है उसके बारे में विस्तृत जानकारी देंगे इस संगोष्ठी में शहर के सभी वरिष्ठ जन स्वास्थ्य कार्यकता पत्रकार बंधु एवं सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। आरोग्य भारती जिला अध्यक्ष डॉ जयमंडल सिंह यादव, दीपक मिश्रा चेयरमैन रोड क्रॉस सोसायटी, डॉक्टर संजय श्रीवास्तव, डॉ अशोक लोधी ने सभी से भाग लेने की अपील की है।

आकाशीय बिजली गिरने से 38 बकरियों की मौत, 5 झुलसी उपचार जारी

तेज आंधी और हवा के साथ कदवाया ढाकोनी और नईसरांय में ओले गिरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मौसम में आए अचानक परिवर्तन के बाद शनिवार की दोपहर तेज आंधी के साथ हवा और पानी ने रोद्र रूप दिखाया जिससे अनेक लोगों की आर्थिक क्षति हुई है। जिले में कदवाया, ढाकौनी,नईसरायं में ओले गिरने के समाचार हैं। क्षेत्र के नईसरायं के डुंगासरा गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक पेड़ के नीचे खड़ी 38 बकरियों की मौत हो गई है। 5 बकरियां गंभीर रूप से झुलस गई हैं जिनका उपचार जारी है। घटना की जानकारी मिलने के बाद ईसागढ़ के एसडीएम इसरार खान मौके पर पहुंचे। मृत बकरियों के पोस्ट मार्टम के बाद शासन के नियम के तहत आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। जिले में पिछले कईं दिनों से मौसम में परिवर्तन के संकेत मिल रहे थे लग रहा था कभी भी मौसम परिवर्तित हो सकता है । शनिवार की सुबह मौसम की आम दिनों की तरह शुरूआत हुई लेकिन दोपहर डेढ बजे अचानक शहर के ऊपर काले बादल छा गये। देखते ही देखते जिले भर में मौसम ने करवट बदली, तेज आंधी और हवा के साथ मौसम ने रोद्र रूप ले लिया तेज गति से हुई बर्षा के साथ जिले के कई स्थानों पर ओले भी गिरते देखे गये जिसके बाद जिले के मौसम में ठंडक घुल गई है लोगों ने राहत की सांस ली है। तेज आंधी और हवा के कारण अनेक लोगों का सामान उड गया कईं जगह पेड़ गिर गये । कईं मकानों की लोहे की चादर हवा उड़ती देखी गई। सब कुछ कुछ ही मिनटों में हो गया किसी को पता नहीं था कि मौसम बदले ने के बाद यह रूप ले सकता है। लगभग 30 मिनट तक तेज आंधी हवा और पानी का दौर चलता रहा कईं इलाकों में ओले भी गिरते देखे गये।

जानकारी के अनुसार अचानक खराब हुए मौसम के कारण शनिवार की दोपहर एक बजे से तेज हवा और आंधी के साथ ही बारिश हुई, साथ ही अचानक गर्जना हुई और आकाशीय बिजली गिरने से 38 बकरा बकरियों की मौत हो गई जिसमे की शिवराम पाल और गंगाराम पाल एवं लखन पाल रोज की तरह बकरिया चराने गए हुए थे। वह डुंगासरा रोड महाकाल धाम मंदिर के सामने जंगली पीर बाबा के स्थान के पास बकरिया चरा रहे थे। बारिश होने पर सभी बकरिया जंगली पीर बाबा के स्थान के पास खड़े बरगद के पेड़ के नीचे जाकर खड़ी हो गई और उसी समय गर्जना के साथ आकाशीय बिजली गिरने से बरगद के पेड़ के नीचे बैठी 38 बकरिया और बकरा की मौत हो गई और पांच बकरिया घायल हो गई।

चंदेरी में भी तेज आंधी और हवा का प्रकोप देखा गया

चंदेरी। यूं तो बारिश का दौर कई दिनों पूर्व आरंम्भ भी हो गया लेकिन चंदेरी बारिश केवल बूंदा-बांदी तक की सीमित रही। इसी क्रम में कल शनिवार दोपहर लगभग 1:00 बजे से मौसम बदल गया और बदलते बदलते दोपहर लगभग दो बजे से तेज हवा और ओला के साथ तेज बारिश ने लोगों के मुरझाए हुए चेहरों को खिला दिया। इसके साथ ही तेज हवा आंधी कई पेड़ों को नुकसान पहुंचा तो चंदेरी मैं शनिवार को लगने वाली हाट बाजार मैं लगी दुकान उड़ गई। वही बारिश होने के बाद आनंद लेते हुए लोग भी में घूमने का मजा लेते दिखे,चंदेरी चारों ओर से पहाड़ियों से घिरा हुआ है इस कारण से बारिश के मौसम में चंदेरी हरी भरी नजर आने लगती है यही कारण है कि दूर-दूर से लोग बारिश के मौसम में चंदेरी घूमने के लिए आते हैं।

महिला जैन मिलन ने 60वां स्थापना दिवस मनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

भारतीय जैन मिलन के 60 वे स्थापना दिवस पर महिला जैन मिलन अशोक नगर द्वारा चंदा प्रभु जिनालय बगीचा मंदिर पर बड़े ही भक्ति भाव से अभिषेक शांति धारा युगल नयनो के द्वारा देखी गई पूजन विधान भी किया गया। अभिनंदन नाथ भगवान का मोक्ष कल्याणक भी मनाया गया। तदुपरांत अतिबीर आनंद गाधी के सौजन्य से उनके निवास पर महिला जैन मिलन एवं जैन मिलन सेंट्रल के सभी वीर एवं वीरांगनाओं का स्वागत किया गया।

वीरांगनाओं का स्वागत

तत्पश्चात दोपहर में 12:00 बजे लगभग डेढ़ सौ गरीब निराश्रित लोगों को खीर-पुरी का वितरण किया गया। अध्यक्ष प्रीति पाली, मंत्री आसी मिर्ची, कोषाअध्यक्ष नीतू आलीशान, मीनू रोकडिया, हर्षिता, रानी वारी, श्वेता भोपाली, दीप्ति काशल, सरोज तारई, शालिनी खेरा, ऊंसा नेशनल, योगिता रानी, गांधी डिंपल, मंगलदीप ,ममता भोपाली, नीतू कुसुम, कंगन लक्ष्मी, सिंनी, प्रीति बाबा, सीमा बगुलिया, संजू सिंघई, मंजू टड़ैया, आदि सभी बहनों की सहभागिता रही ।

जिला जेल में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला जेल अशोकनगर में बंदियों के स्वास्थ्य परीक्षण को लेकर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला अस्पताल के कई डॉक्टरों ने भाग लिया और मरीजों का परीक्षण किया ।

शनिवार को जिला चिकित्सालय अशोकनगर के विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ बी एल टैगोर, ई एन टी विशेषज्ञ, डॉ संदीप भल्ला, नेत्र रोग विशेषज्ञ, डॉ मनीष चैरसिया, मेडिकल विशेषज्ञ, डॉ अजय गहलौत, सर्जरी विशेषज्ञ, डॉ संदीप जैन, पैथोलॉजिस्ट, डॉ राजकुमार जैतवार, अस्थि रोग विशेषज्ञ, डॉ राममोहन गुर्जर, मनोचिकित्सक, डॉ मनीषा यादव, महिला रोग विशेषज्ञ,डॉ ममता लाकरा, दंत चिकित्सक ,डॉ पंकज गुप्ता, चर्म रोग विशेषज्ञ, राजीव त्रिपाठी, नेत्र सहायक, अतुल सुमन, लेब टेक्नीशियन, द्वारा जेल स्टाफ की उपस्थिति में जिला जेल अशोकनगर में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन कर जेल में परिरुद्ध बंदियों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार प्रदान किया गया।

पानी में डूबने से मौत

अशोकनगर। जिले के मुंगावली थाने के अंतर्गत ग्राम सावलहेड़ा निवासी बंसू पुत्र राजेन्द्र यादव उम्र 08 साल की नाहरसिंह बाबा मंदिर के पास कैथन नदी के ग्राम सावलहेड़ा में पानी में डूबने से मौत हो गई।

सड़क दुर्घटनाओं के दो मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में सड़क दुर्घटनाओं के दो अलग-अलग मामले दर्ज किय गये। सिटी कोतवाली के अंतर्गत शंकरपुर मगरदा चैराह पर बाईक एमपी33सी5263 के चालक ने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर टक्कर मार दी जिससे दो लोगों को चोटे आईं है। इसी प्रकार जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत विनोद अहिरवार निवासी ग्राम सेनपुर थाना आरोन जिला गुना ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि सफेद रंग की डीजे वाली गाड़ी के चालक ने ग्राम अथाईखेड़ा में करीला माता मंदिर गेट के सामने अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसे टक्कर मार दी जिससे उसे चोटे आई हैं।

निर्माण कार्य का नपा अध्यक्ष और सीएमओ ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

नगर पालिका परिषद द्वारा स्वीकृत संजय स्टेडियम में बास्केटबॉल टर्फ का निर्माण कार्य तेजी से जारी है। फिलहाल मैदान की समतलीकरण (लेवलिंग) की प्रक्रिया चल रही है। अधिकारियों के अनुसार, लेवलिंग का कार्य पूर्ण होते ही टर्फ बिछाने का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। निर्माण कार्य की गुणवत्ता और प्रगति का निरीक्षण करने के लिए नगर पालिका अध्यक्ष नीरज मानोरिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद उन्नीतान ने स्टेडियम स्थल का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्माण कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने और गुणवत्ता बनाए रखने के निर्देश दिए। नगर पालिका द्वारा इस परियोजना के तहत खेल सुविधाओं को आधुनिक स्वरूप देने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे युवाओं को बेहतर खेल सुविधा मिल सके। इस मौक़े पर बाबा शिवहरे, निक्की दुआ, शिव शर्मा सहित आदि उपस्थित रहें।

विडंबना: अधर में अटकी बहादुरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्वीकृती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरपुर

27 अगस्त 2024 को श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव में सम्मिलित होने चंदेरी आए प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने बहादुरपुर के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रोन्नत करने की घोषणा की थी। इस घोषणा को पूरे आठ माह बीत चुके हैं किंतु अब तक घोषणा अमल में नहीं लाई जा सकी है। जिला स्वास्थ्य विभाग भी सितंबर 2024 में राज्य स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रस्ताव भेज चुका है किंतु इसके बाद अब तक स्वीकृति संबंधी फाइल भोपाल के सतपुड़ा भवन में धूल खा रही है।

इधर, मुख्यमंत्री की घोषणा के पूरे होने का इंतजार कस्बा सहित दर्जनों गांवों के निवासियों को है। क्योंकि यह अस्पताल इस पूरे इलाके में स्वास्थ्य सेवाओं का एकमात्र माध्यम है। खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय छीने जाने के बाद बिगड़ी व्यवस्थाएं यूं तो कस्बे में अस्पताल सवा सौ वर्ष से अधिक पुराना है। रियासत समय में भी यहां डॉक्टर, नर्स पदस्थ थे और प्रसव सहित पोस्टमार्टम की सुविधाएं थी। वहीं सन 1974 में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना कर इसे खंड चिकित्सा अधिकारी कार्यालय का दर्जा दे दिया गया था। इसीलिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र होते हुए भी यहां की स्वास्थ्य सेवाएं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर की थीं, किंतु वर्ष 2020 में यह दर्जा छिन गया। तब से ही इस अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं पर असर पड़ा, हालांकि वर्तमान में अनुबंध पर आए दो चिकित्सकों के कारण स्वास्थ्य सेवाएं पटरी पर लौटने लगी हैं।

पत्र नहीं आया

सितम्बर 2024 में हमने राज्य स्तर पर प्रस्ताव भेज दिया था, तब से कोई पत्र नहीं आया है। सोमवार को इस मामले में अपडेट लेकर बताऊंगा।

डॉ नीरज छारी, मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी अशोकनगर।

सरपंच ने शुरु की प्याऊ, राहगीरों को पीने मिलेगा ठंडा पानी

मुंगावली। चन्देरी जनपद पंचायत के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खागल दुधराई के सरपंच बलवीरसिंह यादव ने नरेंद्र सिंह राजपूत सचिव के साथ ग्राम ख़ाकरोंन में रेंज चैकी के पास सार्वजनिक निशुल्क प्याऊ प्रारंभ की है। रेंज चैकी के हैंडपंप में मोटर डालकर सड़क मार्ग के पास बड़े-बड़े मिट्टी के घड़े भरवाकर रखकर प्याऊ की सुरुआत की है जिससे उक्त रास्ते से निकलने वाले राहगीरों को अपनी कण्ठ की प्यास बुझाने के लिए ठंडा पानी उपलब्ध हो सकेगा।

राहगीरों की मांग पर सत्यार्थी सेवा समिति ने प्याऊ की संचालित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जल ही जीवन है, इसी भावना को चरितार्थ रूप देने के लिए सत्यार्थी सेवा समिति द्वारा निशुल्क पेयजल की व्यवस्था प्याऊ लगाकर गुना रोड मारुति शोरूम के सामने शोरूम कार ओ वार पर यह प्याऊ लगाई गई। हर वर्ष की भांति इस वर्ष की प्याऊ लगाई गई।

जिसका उद्घाटन किया। मनोज जैन ब्यूरो चीफ हरिभूमि,वार्ड नंबर 1 पार्षद मोनू रघुवंशी, जिला पंचायत सदस्य शीला जाटव, समिति संरक्षक डॉ वर्षा बड़कुल, अध्यक्ष दर्शित बड़कुल इस अवसर पर भीषण गर्मी में काम कर रहे निर्धन भाई बहनों को सफेद गमछे भी समिति के सदस्यों द्वारा दिए गए समिति के सदस्य रश्मि वर्लपूल आराधना श्रीवास्तव सम्यक,संदीप बड़कुल सभी सदस्य उपस्थित रहे।

'जातिगत जनगणना कराने की घोषणा एक क्रांतिकारी और ऐतिहासिक कदम'

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता राहुल राज ने केंद्र सरकार की 2026 की जनगणना के साथ जातिगत जनगणना कराने की घोषणा को सामाजिक न्याय की दिशा में एक क्रांतिकारी और ऐतिहासिक कदम करार देते हुए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की दूरदर्शिता, अथक संघर्ष और जनहित के प्रति उनकी अडिग प्रतिबद्धता की जोरदार प्रशंसा की है।

उन्होंने कहा कि यह फैसला केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि राहुल गांधी की उस जुझारू और बुलंद आवाज का परिणाम है, जिसने भाजपा सरकार को बार-बार घुटने टेकने पर मजबूर किया है। मध्यप्रदेश की धरती से हम गर्व के साथ कहते हैं कि राहुल गांधी की यह जीत हर उस ओबीसी, दलित, और आदिवासी के लिए एक नई उम्मीद की किरण है, जो दशकों से अपने हक से वंचित रहा है!

राहुल राज ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा, राहुल गांधी ने जातिगत जनगणना को सामाजिक समानता का आधार बनाकर इसे न केवल राष्ट्रीय विमर्श का केंद्र बनाया, बल्कि भाजपा की वंचित-विरोधी नीतियों की पोल खोल दी। 2023 से 2024 तक, उन्होंने संसद में, रैलियों में, प्रेस कॉन्फ्रेंस में, और सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को आंधी की तरह उठाया। तेलंगाना के जातिगत सर्वेक्षण को एक पारदर्शी और समावेशी मॉडल के रूप में प्रस्तुत करते हुए, उन्होंने 50: आरक्षण सीमा को हटाने की मांग उठाकर भाजपा की दलित, बिछड़ा वर्ग विरोधी मानसिकता को ललकारा है। यह राहुल गांधी का अडिग संकल्प और मध्यप्रदेश कांग्रेस का साथ था, जिसने भाजपा को इस ऐतिहासिक फैसले के लिए मजबूर किया। इस दौरान उन्होंने कईं उदाहरण दिए इस मौके पर विधायक हरिवावू राय,जिला कार्रेगेस अध्यक्ष राजेन्द्र कुशवाह, दसरथसिंह रघुवंशी आदि शामिल थे।

ग्वालियर-चंबल अंचल के विकास को लेकर की चर्चा

सिंधिया ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर से की भेंट

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

ग्वालियर, गुना, अशोकनगर और शिवपुरी जिलों के विकास कार्यों को गति देने के उद्देश्य से आज केंद्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर विकास मंत्री ज्योतिरादित्य मा सिंधिया ने नई दिल्ली स्थित श्रम शक्ति भवन में केंद्रीय ऊर्जा, आवास एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर के साथ बैठक की। चर्चा के दौरान सिंधिया ने ग्वालियर, गुना, अशोकनगर और शिवपुरी के विकास के लिए 250 करोड़ की परियोजनाओं की रखी मांग।

ग्वालियर में जलभराव, सीवरेज और डस्ट-फ्री सड़कों के लिए ठोस मांग बैठक में सिंधिया ने ग्वालियर में जलभराव की दीर्घकालिक समस्या के समाधान हेतु जल निकासी व्यवस्था के निर्माण तथा नवीन सीवर लाइन बिछाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। इसके लिए उन्होंने करीब रु 60 करोड़ की परियोजनों की मांग रखी।

शिवपुरी के शहरी विकास पर भी देर तक हुई चर्चा शिवपुरी के विकास हेतु सिंधिया ने अमृत-2 योजना अंतर्गत अधूरे कार्यों को शीघ्र पूरा करने हेतु आवश्यक वित्तीय सहयोग की मांग रखी। साथ ही शहर में अमृत पार्क निर्माण हेतु, भुजरिया तालाब के जीर्णोद्धार एवं जाधव सागर के संरक्षण कार्य पर भी चर्चा हुई और शहर में सफाई के लिए कई अधोसंरचना की सुविधाओं की मांग रखी।

गुना की हरियाली और आधुनिक परिवहन सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने पर रहा सिंधिया का जोर सिंधिया ने गुना जिला के विकास और सौंदर्यीकरण पर भी मनोहर लाल खट्टर को प्रस्ताव दिए। उन्होंने गुना शहर में 5 हेक्टेयर का ऑक्सीजन पार्क का निर्माण, आधुनिक बस स्टैंड बनाये जाने और माधवराव सिंधिया रोड का थीम रोड के रूप में सौंदर्यीकरण के प्रस्ताव केंद्रीय मंत्री को सौंपे। इसके लिए करीब रु 80 करोड़ की योजनाओं की मांग सिंधिया ने मंत्री खट्टर के सामने रखी।

अशोकनगर की सांस्कृतिक और अवसंरचनात्मक विकास को गति देने की कोशिश अपने संसदीय क्षेत्र के विकास को प्रतिबद्ध सिंधिया ने अशोकनगर के तुलसी सरोवर के सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार के साथ साथ गुना तिराहा से त्रिदेव मंदिर तक की सड़क को थीम रोड की तर्ज पर विकसित किए जाने की योजना से केंद्रीय मंत्री को अवगत कराया।

ह्यानॉर्थ ईस्ट राइजिंग इन्वेस्टर समिट-2025ह्ल के लिए आमंत्रण बैठक के दौरान सिंधिया ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर को आगामी मई माह में प्रस्तावित ह्यानॉर्थ ईस्ट राइजिंग इन्वेस्टर समिट-2025ह्ल से संबंधित चर्चा भी की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विकसित पूर्वोत्तर के सपने को साकार करने की दिशा में यह समिट निवेश और विकास के नए आयामों का श्रृजन करेंगी।

राजगढ़ मंडी परिसर में होने वाले सम्मेलन से हटाए गए 20 नाबालिग जोड़े

कार्रवाईः संयुक्त टीम ने गांवों में पहुंचकर रुकवाए 8 बाल-विवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में बाल विवाह की रोकथाम को लेकर महिला बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग एवं अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की संयुक्त मुहिम रंग ला रही है। शनिवार को करनवास, जैतपुरा, कड़लावद, और भोजपुर क्षेत्र के अमरपुरा सहित विभिन्न ग्रामों में बाल विवाह की सूचनाएं मिलने पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर त्वरित कार्रवाई की।

इस दौरान 8 बाल विवाह रोके गए और 3 नाबालिग जोड़ों को सामूहिक विवाह सम्मेलन की सूची से हटाया गया, जबकि पूर्व में सम्मेलन समिति ने 20 जोड़े को हटा दिया था। करनवास गांव में कल 5 मई को होने वाले बाल विवाह की सूचना पर कार्रवाई करते हुए परिजनों को समझाइश दी गई। इसके बाद वे स्वयं राजगढ़ आकर शपथ-पत्र के माध्यम से विवाह न करने का वचन देकर लौटे। इसी तरह सारंगपुर के कड़लावद गांव में 16-17 वर्ष की दो बालिकाओं के विवाह की सूचना पर संयुक्त टीम ने पहुंचकर विवाह रुकवाया। जैतपुरा गांव में 15 वर्ष के दो बच्चों के विवाह की जानकारी मिलने पर टी वहां भी पहुंची और विवाह रुकवाने की कार्रवाई की गई। वहीं भोजपुर क्षेत्र के अमरपुरा गांव में एक नाबालिग बालिका के विवाह की तैयारी चल रही थी, जिसे स्थानीय स्टेक होल्डर्स और टीम के प्रयासों से रुकवाया गया।

राजगढ़ के सम्मेलन से हटाए गए नाबालिग जोड़े

राजगढ़ मंडी परिसर में आयोजित होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन के दस्तावेजों की भी जाँच की गई। सम्मेलन समिति के पदाधिकारियो ने बताया कि पूर्व में 20 नाबालिग जोड़ों को हटा दिया था, साथ ही दस्तावेजों में त्रुटि पाए जाने पर 3 और जोड़ों को सम्मेलन से हटाया गया। अब सम्मेलन में केवल 20 बालिग जोड़ों का विवाह कराया जाएगा। टीमों ने सभी परिजनों के साथ सम्मेलन समिति के लोगों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी दी और चेतावनी दी कि यदि भविष्य में बाल विवाह की पुनरावृत्ति की गई तो वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

जिले में सबसे प्रभावी कार्रवाई

जिले के कई समाजों में फैली बाल-विवाह कुरीति को लेकर इस बार प्रषासनिक अमला समझाईस के साथ सख्त तेवर अपना रहा है। पूर्व में हुए बाल-विवाह के मामलों में नाबालिगों के परिजनों पर एफआईआर भी दर्ज की जा चुकी है। प्रषासनिक टीम का मानना है कि बाल-विवाह को रोकने अब तक की सबसे असरदार कार्रवाई इस साल राजगढ़ जिले में की गई है।

निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर जताई सख्त नाराजगी

धूप व तपती जमीन पर पहुंचे मंत्री टेटवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

विधानसभा क्षेत्र में शुक्रवार को उस समय हलचल मच गई, जब मध्यप्रदेश शासन के मंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक गौतम टेटवाल ने भीषण गर्मी के बीच औचक निरीक्षण करते हुए विकास कार्यों की जमीनी हकीकत को परखने के लिए दौरा किया। मंत्री टेटवाल सबसे पहले ग्राम खजुरिया घाटा पहुँचे, जहाँ सड़क और पुल निर्माण का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने निर्माणाधीन सड़क की गुणवत्ता को लेकर मौके पर मौजूद अधिकारियों से बिंदुवार जानकारी ली। मंत्री ने निर्माण स्थल पर खड़े होकर निर्माण सामग्री, कार्य की गति और मजबूती का प्रत्यक्ष निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने ठेकेदार और अभियंता को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या घटिया सामग्री का उपयोग बिल्कुल भी स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि गुणवत्ता में कमी पाई गई, तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। मंत्री टेटवाल निर्माणाधीन पुल पर खड़े होकर पूरे क्षेत्र का अवलोकन किया और कार्य योजना की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य केवल योजनाओं का क्रियान्वयन नहीं, बल्कि गुणवत्ता, पारदर्शिता और दीर्घकालिक जनहित को सुनिश्चित करना है।

प्राथमिकता से निराकरण

निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने मंत्री से संवाद कर अपनी समस्याएं और सुझाव साझा किए। मंत्री ने उन्हें गंभीरता से सुना और समाधान का आश्वासन दिया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई से प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाए। मंत्री के इस औचक निरीक्षण से निर्माण एजेंसियों और प्रशासनिक अमले में सक्रियता बढ़ गई है। यह निरीक्षण न केवल जिम्मेदारों के लिए एक चेतावनी है, बल्कि जनता के लिए एक आश्वासन भी कि सरकार उनके हितों के लिए सजग और संकल्पित है।

नीति आयोग अंतर्गत विकासखंड की विभिन्न पंचायतों में गाद निकालने व जलाशयों के विस्तार के निरीक्षण कार्य प्रारंभ हुए

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीरापुर

विकासखंड अंतर्गत जलाशयों के पुनर्जीवन कार्यों को गति प्रदान करते हुए नीति आयोग के दिशा-निर्देशों के अंतर्गत स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्य किए जा रहे। इसी क्रम में नीति आयोग (दिल्ली) से अनुज डेविड एवं आदित्य जैन ने जमीनी निरीक्षण किया तथा अवनी ग्रामीण एप से संबंधित तकनीकी समस्याओं का स्थल पर जाकर समाधान किया। उन्होंने पंचायत स्तर पर आ रही समस्याओं जैसे डेटा एंट्री, सिंकिंग और रियल टाइम रिपोर्टिंग में आ रही अड़चनों को समझते हुए फील्ड टीम को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। जिससे कार्य की गति और गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार आया।

इस निरीक्षण कार्यक्रम का संचालन नोडल अधिकारी कार्यपालन यंत्री प्रियंका मेहरा तथा जनपद पंचायत सीईओ रंजीत सिंह रघुवंशी के मार्गदर्शन में हुआ। सहायक यंत्री गोपाल किरार एवं नीति आयोग हिमांशु साहू द्वारा फील्ड स्तर की गतिविधियों का समन्वय किया गया।

उपयंत्री संतोष कुमार कोल्हे एवं अनिल जालोन साथ थे। निरीक्षण में उपयंत्री संतोष कुमार कोल्हे, अनिल जालोन एवं संबंधित ग्राम पंचायत के सरपंच, ग्राम रोजगार सहायक, अन्य पंचायत प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने जलाशय के कार्य की प्रगति साझा की और प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया। जलाशयों के पुनर्जीवन का उद्देश्य वर्षा जल संचयन को बढ़ावा देना, भूजल स्तर में सुधार लाना, सिंचाई क्षमता को सुदृढ़ बनाना और ग्रामीण क्षेत्रों में जल की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करना, ग्रामीण आजीविका को सशक्त बनाने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

अधिकारियों से गुणवत्ता की ली जानकारी, कहा-परियोजना से जनता को होगा बड़ा लाभ

मंत्री पंवार ने सुठालिया परियोजना के निर्माण का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

मध्यप्रदेश सरकार में मंत्री नारायण सिंह पंवार ने शनिवार को पार्वती नदी पर निर्माणधीन सुठालिया परियोजना के अंतर्गत बांध का निरीक्षण करने पहुंचे, इस दौरान परियोजना से संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

मंत्री पंवार ने सबसे पहले पार्वती नदी पर निर्माणाधीन बांध का निरीक्षण किया। मौके पर उपस्थित अधिकारियों से निर्माण की गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही कार्य को निर्धारित समय अवधि में पूर्ण करने की बात कही। इस दौरान अधिकारियों ने परियोजना की संपूर्ण जानकारी दी। मंत्री पंवार ने निरीक्षण के बाद कहा कि सरकार की यह क्रांतिकारी परियोजना है, इसका लाभ क्षेत्र की जनता को मिलेगा। इस सिंचाई परियोजना के संपूर्ण हो जाने के पश्चात क्षेत्र में सिंचाई एवं पेयजल की सुविधा होगी। आपको बता दें कि पार्वती परियोजना में प्रेशराइज्ड पाइप नहर प्रणाली के जरिए किसानों को सिंचाई के लिए पानी दिया जाएगा।

शासकीय महाविद्यालय सुठालिया की निर्माणाधीन बाउंड्रीवॉल का किया निरीक्षण

प्रदेश सरकार शासकीय भवनों की सुरक्षा और रखरखाव को लेकर गंभीर है। इसी कड़ी में शनिवार को मंत्री पंवार ने सुठालिया शासकीय महाविद्यालय की 22 लाख 48 हजार से निर्माणाधीन बाउंड्री वाल का निरीक्षण किया। इस दौरान मंत्री पंवार ने कहा कि सरकार नागरिकों को बेहतर और सुरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस बाउंड्री वाल बनने से महाविद्यालय के परिसर का बेहतर प्रबंधन हो सकेगा और कॉलेज में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

पूर्व पार्षद सहित दो घरों से लाखों के जेवर ले उड़े चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

बायपास पर निर्माणाधीन कॉलोनियों में लगातार बढ़ रही चोरी की वारदातों पर अंकुश लगाने के लिए यहां पुलिस चौकी की मांग लंबे समय से की जा रही है। इस दिशा में पुलिस कोई कदम नहीं उठा रही। बायपास पर पुलिस का दूर-दूर तक नामोनिशान नहीं है। इसका फायदा उठाकर चोर चोरी कर भाग जाते हैं।

गुरुवार की रात भी एक निर्माणाधीन कॉलोनी के दो घरों में लाखों रुपए की नगदी और सोने-चांदी के जेवर चोर चुरा ले गए। पूर्व पार्षद प्रदीप श्रीवास्तव और रविकांत शर्मा के घर चोरी की यह वारदात हुई है। प्रदीप श्रीवास्तव परिवार के साथ रिश्तेदार की शादी में गए थे। चोरों ने उनके घर के पांच ताले तोड़े। उन्होंने बताया कि एक लाख नकद और सोने-चांदी के जेवर चोरी हुए हैं। चोरों ने बंदूक का लाइसेंस, जमीन के कागजात और बैंक के दस्तावेज भी चुरा लिए। करीब 30 साड़ियां भी गायब हैं।

इधर रविकांत शर्मा की पत्नी दतिया में शादी समारोह में गई थीं। शर्मा खुद ऑफिस के काम से बाहर थे। गुरुवार रात को हुई चोरी का पता उन्हे शुक्रवार सुबह चला। चोरी का सामान पत्नी के लौटने के बाद ही पता चल सकेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रशांत चौबे के अनुसार फोरेंसिक टीम को भेजकर जांच की जा रही है।

अतिक्रमण पर यातायात पुलिस, नपा की कार्रवाई

विदिशा। एसपी रोहित काशवानी के निर्देश पर यातायात प्रभारी सूबेदार आशीष राय द्वारा नगरपालिका के सहयोग से रेलवे स्टेशन तिराह, माधवगंज, जयप्रकाश मंच एवं खरीफाटक रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध चालानी एवं जब्ती की कार्रवाई की है। इधर कोतवाली के पास ही एक साल से दो तीन ठेलें की जगह पर अवैध तरीके से सामान बांधा रखा है।

वकील के घर 6 लाख की चोरी करने वाला इरफान और साजिद गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा/ कुरवाई

कुरवाई पुलिस ने एक वकील के घर में हुई चोरी का मामला सुलझा लिया है। पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का माल भी बरामद किया है। 24 अप्रैल को एडवोकेट नवीन जैन के घर में चोरी हुई थी। वह परिवार के साथ कटनी में एक विवाह समारोह में गए थे। इस दौरान चोरों ने उनके बंद मकान में सेंध लगाकर 3 अलमारियां तोड़ीं। चोरों ने सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चुरा ली। कुरवाई थाना प्रभारी आरके मिश्र ने एफएसएल और डॉग स्क्वॉड की मदद से घटनास्थल का निरीक्षण किया। तकनीकी विश्लेषण और मुखबिर की सूचना के आधार पर भोपाल की अटल अयूब नगर झुग्गी बस्ती से 2 आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार आरोपियों में 50 वर्षीय इरफान नगा और 30 वर्षीय साजिद मोटा शामिल हैं। इरफान के खिलाफ 92 आपराधिक मामले दर्ज हैं

चक्कर खाकर नाली में गिरा सफाईकर्मी, मौत

विदिशा। शुक्रवार दोपहर नपा में पदस्थ दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी 45 वर्षीय राकेश वाल्मीकि की अचानक मौत हो गई। वह वार्ड नंबर नंबर 10 भगत सिंह कॉलोनी में नाली की सफाई कर रहा था। इस दौरान उन्हें अचानक चक्कर आ गया और वह नाली में गिर पड़ा उनके साथ काम कर रहे साथियों ने राकेश को नाली में गिरा देखा। तुरंत अन्य लोगों को बुलाया और जिला अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया।

हज यात्रा के सफर पर जाने वाले का किया स्वागत



सारंगपुर। मुस्लिम समाज के पवित्र तीर्थ स्थल मक्का मदीना के सफर जाने वाले हज यात्रियों का पाडल्या में सचिव अजीज खां मंसूरी कांसरोद के नेतृत्व में स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर हज यात्रा पर जाने वाले मऊ सरपंच रईश मंसूरी व पाडल्या निवासी मोहम्मद मंसूरी सारंगपुर का स्वागत हार फूल माला पहनाकर किया गया। इस अवसर पर अजीज ने उनसे देश में अमन-चैन कायम रहे व भाईचारा बना रहे ऐसी दुआ करने की अपील की इस मौके पर इब्राहिम मंसूरी, सचिव अजीज मंसूरी, मुमताज मंसूरी, इरफान मंसूरी, सरदार मंसूरी,यूनूस मंसूरी मऊ, हाजी फकीर मोहम्मद, हाजी बाबू खां, शिक्षक अख्तर मंसूरी, शब्बीर मंसूरी, मुख्तियार मंसूरी सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

ध्याना-पाटक्या प्रधानमंत्री सड़क योजना का मामला, परेशानी का बनी सबब

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण में गुणवत्ता का नहीं रख रहे ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

प्रधानमंत्री सड़क विभाग जर्जर सड़क की स्थिति को लेकर ध्यान नहीं दे रहा है। सड़क की खस्ताहाल स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन विभाग की ओर से कोई उचित कार्रवाई नहीं की जा रही है। न तो सड़क के मरम्मत के लिए कोई कदम उठाया जा रहा है और न ही ठेकेदार को इसके रखरखाव के लिए कोई आदेश दिए जा रहे हैं। ग्राम भ्याना से पटक्या 6.86 किलोमीटर 503.00 लाख की लागत से बनने वाली प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना लोगो के लिए मुसीबत का सबब बनी हुई है।

भ्याना से पाटक्या जाने वाली सड़क काफी जर्जर हो गई है। जगह-जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। बरसात में पानी भरे होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका भी बढ़ गई है। सड़क की इस स्थिति से नागरिक खासे नाराज हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद भी सड़क नहीं सुधर पाई है। राजगढ़ जिले में सड़कों की जाल बिछा कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। गांव-गांव में आवागमन के साधन के लिए सड़कें बनाई जा रहीं हैं। पर देखरेख के अभाव एवं गुणवत्ता में कमी के चलते सड़कें पहले ही जर्जर हो रही हैं। ये सड़कें जनता के लिए परेशानी का सबब

बनकर आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित कर रही हैं। मजबूरी में जनता उन बदहाल सड़कों पर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को मजबूर हो जाती है। इन सड़कों पर विकास का वादा करने वाले जनप्रतिनिधि भी यात्रा करते हैं। पर वे भी अनदेखा कर देते हैं। भ्याना से पाटक्या को जोड़ने वाली सड़क काफी इंतजार के बाद बनी थी। ग्रामीणों ने बताया कि बीच में करीब 5-6 किलोमीटर की सड़क का काम काफी सालों से अटका हुआ था। काफी मांग के बाद सड़क का निर्माण पूरा हुआ था। पर बनने के कुछ ही दिनों बाद सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी। वर्तमान में सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे दुर्घटनाओं को न्योता दे रहे हैं। यह सड़क यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इस मार्ग पर प्रतिदिन सैकड़ों वाहनों का आवागमन होता है। प्रधानमंत्री सड़क विभाग की लापरवाही के चलते जर्जर सड़क की हालत दिनोंदिन बिगड़ती जा रही है। न तो विभाग इस सड़क पर ध्यान दे रहा है, और न ही इसके संधारण को लेकर किसी ठेकेदार को आदेश दिए जा रहे हैं। सड़क की खराब हालत से स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन संबंधित अधिकारी और ठेकेदार इस और कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। जनता की मांग है कि जल्द से जल्द इस सड़क का मरम्मत कार्य शुरू हो, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

दुर्घटना का कारण बन रहा जर्जर मार्ग

लोगों को मजबूरी में इस मार्ग से आवागमन करना पड़ रहा है, जो कई बार दुर्घटना का कारण भी बन जाता है। वाहन चालक रात को आवागमन करते समय गिरकर चोटिल हो रहे हैं। जर्जर सड़क की हालत देखकर स्थानीय लोगों में भारी रोष है। अगर बरसात से पहले मार्ग की मरम्मत हो जाए है तो आसपास के ग्रामीणों को आने जाने में परेशानी नहीं होगी।

इनका कहना है...

आपके माध्यम से मुझे जानकारी मिली है। अगर सड़क जर्जर हो गई हो तो ठेकेदार से बोलकर रिपेयरिंग करवा देंगे।

जगदीश पाटीदार
प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना इंजीनियर राजगढ़